**Shivalik Rasayan Limited**

**Corporate Office:** 1506, Chiranjiv Tower,
43, Nehru Place, New Delhi-19
**Tel:** +91 11 47589500 (30 Lines), 26221811/26418182
**E-Mail :** info@shivalikrasayan.com
**Website:** www.shivalikrasayan.com
**CIN:** L24237UR1979PLC005041

**Ref: STEX/ EGM/ Intimation/ 2023-24** **Date-05.06.2023**

**BSE Limited**
**Floor 25, P J Towers**
**Dalal Street**
**Mumbai-400001**

**National Stock Exchange of India Ltd**
**Exchange Plaza, C-1, Block G,**
**Bandra Kurla Complex, Bandra (E)**
**Mumbai – 400 051**

**BSE Code-539148**

**NSE Code: SHIVALIK**

**Sub: Submission of Public Notice made in Newspaper for Extra- Ordinary General Meeting**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Please find enclose herewith newspaper advertisement cutting for Extra- Ordinary General Meeting along with record dates and details of e-voting information, published in “The Financial Express” and “Vir Arjun” (Dehradun) on 04.06.2023.

**For Shivalik Rasayan Limited**

PARUL ARORA
Digitally signed by PARUL ARORA
Date: 2023.06.05 12:56:48 +05'30'

**Parul Choudhary**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**ACS34854**

# राज्यपाल ने गोलू देवता मंदिर, जागेश्वर धाम व कसार देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नैनीताल/अल्मोडा, । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सपरिवार अल्मोडा जनपद में चितई गोलू मंदिर, जागेश्वर धाम तथा कसार देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा देश एवं प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। सर्वप्रथम राज्यपाल चितई गोलू मंदिर पहुंचे जहां जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु तथा अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया ने पुष्प-गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि जब भी वे गोलज्यू के दरबार में आते है तो एक अलग ही अलौकिक आनन्द का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि गोलज्यू महाराज का जो न्याय और प्यार है वह हमें यहां आकर महसूस होता है। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा जो यहां आकर घंटी और अपनी मन्नतों और न्याय के लिए जो अर्जी लगायी जाती है वह अपने आप में एक



अलौकिक आस्था है। राज्यपाल ने कहा कि मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अन्तर्गत कुमाऊँ मण्डल के जो अलौकिक आस्था के केंद्र है इन केंद्रों में देश व विदेश के पर्यटक अधिक से अधिक आयेंगे तथा इस क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन के रूप में अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुमाऊँ मण्डल के अल्मोडा जनपद में भगवान की कृपा अलग ही है। उन्होंने कहा कि यहां के आम नागरिकों में अतिथि देवों भव: की जो भावना है वह अपने आप में अलग ही है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में अलग-अलग तरह के पर्यटक जैसे आध्यात्मिक आस्था, प्राकृतिक एवं साहसिक पर्यटक जिस संख्या में आ रहे है उसे ध्यान में रखते हुए आधारभूत संरचाओं व सडक़ों को आपस में जोडऩे के साथ ही आने वाले पर्यटकों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड एक ऐसी तप भूमि है जहां कोई भी पर्यटक आकर अलग ही आस्था का अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को ध्यान में रखते हुए सडक़ों, टनलों व रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। इसके पश्चात उन्होंने सपरिवार जागेश्वर धाम में पूजा अर्चना की तथा देश एवं प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें श्री जागेश्वर धाम आने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि यहां आकर एक अलग ही आध्यात्मिक अपार शक्ति का अहसास होता है। उन्होंने कहा कि मानसखण्ड मंदिर माला के तहत यहां पर पर्यटकों के लिए सुविधाओं के विकास से श्रद्धालुओं की संख्या में आने वाले समय में बढोतरी देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम के मास्टर प्लान को बहुत सोच-विचार कर ही बनाया गया है। जिसके माध्यम से जागेश्वर धाम का विकास किया जाएगा तथा यह धाम आने वाले वर्षों में देश-विदेश में बहुत प्रसिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जा रहा है उससे आने वाले समय में यह आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में अधिक विकसित होगा तथा यहां पर बडी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे। इसके पश्चात उन्होंने कसार देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा ध्यान लगाया।

# फर्जी हस्ताक्षर कर खाते से पांच लाख निकालने मामले में बैंककर्मी सहित तीन गिरफ्तार



**वीर अर्जुन संवाददाता**

हरिद्वार, । खातेधारक के फर्जी हस्ताक्षर कर खाते से पांच लाख रूपये निकालने के मामले में पुलिस ने बैंक कर्मी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार लाख रूपये नगद बरामद कर लिये। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आज यहां इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जमालपुर कलाँ, कनखल निवासी रतन सिंह द्वारा एक जून 2023 को थाना कनखल पर लिखित शिकायती प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि उनके जगजीतपुर स्थित उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 25 अप्रैल 2023 को पांच लाख रुपये निकाले गये है। उक्त निकासी के सम्बन्ध में उसके द्वारा बैंक में सम्पर्क करने पर बैंक स्टाफ द्वारा पैसे निकाले जाने का विड्राल फार्म दिखाया गया। उक्त निकासी फार्म पर उसके हस्ताक्षर की कूटरचना की गयी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने विभिन्न सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया तो पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली। जांच के दौरान बैंक में तैनात सन्नी नामक युवक की संदिग्धता प्रकाश में आयी।

# सत्ता के मद में चूर भाजपा सरकार के मंत्री सड़क छाप गुंडागर्दी पर उतारू: करन माहरा

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून,। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा सरकार के मंत्रियों पर सडक़ छाप गुण्डागर्दी का अरोप लगाते हुए महामहिम राज्यपाल से ऐसे मंत्रियों को मंत्रिमण्डल से बर्खास्त किये जाने की मांग की है। भाजपा के वरिष्ठ मंत्री गणेश जोशी एवं उनके गुर्गो द्वारा आम आदमी के साथ की गई मारपीट पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री सत्ता के मद में इतने चूर हो गये हैं कि अब आम जनता से मारपीट व अत्याचार करने पर उतारू हो गये हैं। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश विधायक एवं राज्य सरकार में वित्त मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल द्वारा नौजवान की पिटाई का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि



मसूरी विधायक एवं सैनिक कल्याणमंत्री गणेश जोशी का मामला प्रकाश में आ गया है। राज्य सरकार के मंत्रियों द्वारा आम जनता आदमी के साथ की गई मारपीट के मामले में सरकार के मंत्रियों पर हमला बोलते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार के बेलगाम पहलवान छाप मंत्रियों को मुख्यमंत्री धामी ने लगातार बचाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि काबिना मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल द्वारा जनता के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई होती तो आज दूसरी मारपीट की घटना सामने नहीं आती। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि आज देश में दो कानून काम कर रहे हैं एक भाजपा तथा उसके नेताओं के लिए तथा दूसरे आम जनता व विपक्ष के लिए। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां राज्य की पुलिस भाजपा नेताओं के इशारे पर झूठे मामलों में विपक्षी नेताओं पर गैंगस्टर लगा देती है वहीं सार्वजनिक जीवन जीने वाले तथा जनता की सेवा करने वाले मंत्रियों पर मारपीट जैसे संगीन अपराध करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश मारपीट मामले में जनता के दबाव तथा माननीय न्यायालय के दखल के बाद राज्य की पुलिस ने मंत्री और उनके गुर्गो पर एफआईआर तो दर्ज की परन्तु उसमें मंत्री के नाम का उल्लेख नहीं किया और अब गणेश जोशी प्रकरण में भी लीपापोती की जायेगी।

# वीतराग विज्ञान प्रतियोगिता की लिखित परीक्षा का हुआ आयोजन

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । वीतराग विज्ञान प्रतियोगिता 98 की लिखित परीक्षा गांधी रोड स्थित सरनीमल मंदिर के पीछे स्वाध्याय भवन में हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेश चंद, उत्तराखंड जैन समाज के अध्यक्ष सुखमाल जैन क्षेत्रीय मंत्री डॉक्टर संजय जैन रहे। इस मौके पर पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेश जैन ने कहा कि वीतराग विज्ञान पाठशाला का उद्देश्य यही है कि बच्चों को महिलाओं को धार्मिक शिक्षा के जरिए शिक्षित करना और समाज को सुसंस्कृत करना। इस मौके पर वीणा जैन ने कहा कि वीतराग विज्ञान पाठशाला का उद्देश्य यह है कि हम धर्म को आत्मसात करें जन-जन तक उसको पहुंचाएं और तभी हमारा देश भी सक्षम होगा। इस अवसर पर बच्चों ने लिखित परीक्षाएं और महिलाओं ने भी लिखित परीक्षाएं दी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मधु जैन ने बताया की आगामी 6 जून को जैन धर्मशाला में प्रात: 8 बजे शिक्षण शिविर लगाया जाएगा और 18 जून दिन रविवार 11 बजे जैन धर्मशाला में पुरस्कार वितरण और शिविर का समापन होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष सुभाष चंद्र जैन, दिनेश जैन महेश जैन वंदना जैन रचना जैन ज्योति जैन हर्षिता जैन नेहा जैन सुप्रिया जैन ध्रुव जैन चारू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने उडीसा में हुई रेल दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उडीसा में हुई रेल दुर्घटना को बहुत ही दुखद और कष्टकारी बताते हुए चंपावत में अपने विधानसभा चुनाव की जीत के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम और रोड शो निरस्त कर दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे में हताहत यात्रियों के प्रति शोक संवेदना व्यक करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### बीजेपी ने सभी कार्यक्रम स्थगित किए

देहरादून (वीअ)। उडीसा में हुए भीषण रेल दुर्घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी ने दुख व्यक्त करते हुए महा जनसंपर्क अभियान के तहत होने वाले सभी कार्यक्रमों को स्थगित करते हुए हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम रखे हैं इस संबंध में बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जो यह दुर्घटना हुई है काफी दुखद है जिसके लिए पार्टी में ईश्वर से मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 27.06.2023 है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 15:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या<br>दिनांक | 10-GSU-MB-23-24<br>03.06.2023 |
| कार्य का नाम | Appointment of project supervision services agency (PSSA) for providing services for Various projects under Gati Shakti unit at Moradabad Division of Northern Railway. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 27.06.2023, 15:00 |
| अनुमानित लागत | 92143333.40 |
| धरोहर राशि | 610700.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 13.06.2023 |

नं. Dy.CE/GSU/MB/Publication-10/23-24 दिनांक– 03.06.2023 1704/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Shivalik Rasayan Limited**

Regd.Office:Village Kolhupani, Post Office Chandanwari, via Prem Nagar, Dehradun Uttarakhand-248007
Corp.Office:1506, Chiranjiv Tower 43, Nehru Place, New Delhi- 110019
Email:cs@shivalikrasayn.comWebsite:www.shivalikrasayan.com,
CIN: L24237UR1979PLC005041 Phones:01147589500

**NOTICE OF EXTRA-ORDINARY GENERAL MEETING,E-VOTING INFORMATION**

Notice is hereby given that an Extra Ordinary General Meeting ("EGM") of the Members of Company will be held on Tuesday, June 27, 2023 at 12:00 PM through Video Conferencing ('VC') / Other Audio-Visual Means ("OAVM"), to transact the Special Businesses, as set out in the Notice of the said meeting. The detailed procedure for joining the EGM through VC/OAVM is provided in the Notice of EGM.

Notice of EGM: The Notice has been sent in electronic mode to Members whose e-mail ids are registered with the Company or the Depository Participant(s). The Notice of the EGM is also available on the Company's website: www.shivalikrasayan.com. Members, who have not received the Notice, may refer to or download the same from the website of the Company or may request for a soft copy of the same by writing to the undersigned at the Corporate Office of the Company situated at 1506, Chiranjiv Tower 43, Nehru Place, New Delhi- 110019 or by e-mail at 'cs@shivalikrasayan.com'

Voting: Pursuant to Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, as amended, read with Section 108 of the Companies Act, 2013 and the relevant Rules, the Company has availed the services of Central Depository Services Limited ('CDSL') to facilitate the Members to exercise their right to vote by remote e-voting and e-voting at EGM. The detailed process of remote e-voting and e-voting at EGM is available in the notice of the meeting. Members of the Company holding shares in either physical or dematerialized form as on Tuesday, June 20, 2023, being the cut-off date may cast their vote electronically by remote e-voting. Additionally, the Company is providing the facility of voting through e-voting system during the EGM.

The remote e-voting period commences on Saturday, June 24, 2023 at 9:00 A.M. (IST) and ends on Monday, June 26, 2023 at 5:00 P.M. (IST). The results of voting would be declared within the stipulated time as mentioned under the relevant laws and will also be posted on the Company's Website.

We hereby state that:

a) remote e-voting shall not be allowed beyond Monday, June 26, 2023 at 5:00 P.M. (IST).
b) the facility for e-voting by the members, who have not voted through remote e-voting, shall be available at the EGM.
c) a member may participate in the EGM even after exercising his/her right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again at the EGM through e-voting during the EGM.
d) a person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date i.e.,Tuesday, June 20, 2023 (end of day) only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as e-voting at the EGM and the voting rights of the members shall be in proportion to their shares of the paid-upshare capital of the Company as on the cut-off.

Contact Details: In case of any queries/grievances, you may contact at beetalrta@gmail.com

By Order of the Board of Directors
For Shivalik Rasayan Limited
Sd/-
Parul Choudhary
Company Secretary

Place: New Delhi
Date: June 03, 2023


# कांग्रेस के राजनीतिक स्वार्थों का खामियाजां भुगत रहा पूरा प्रदेश: महेन्द्र भट्ट

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने मीडिया द्वारा पुरोला और चकराता में सामने आई लव जेहाद की घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि कांग्रेस ने अपनी सरकार के कार्यकाल में राजनीतिक तुष्टीकरण के लिए बडी संख्या में गैर हिंदू समुदाय के लोगों को सरकारी जमीनों पर बसने का मौका दिया। जिसका परिणाम अब राज्य के लोगों को भुगतना पड.रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अब इन अवैध अतिक्रमण को हटा रही है और अवैध तरीके से राज्य में घुसपैठ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उनका कहना है कि राज्य में अब तक जो कुछ भी होता रहा है वह अब आगे चलने वाला नहीं है। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व पुरोला में दो मुस्लिम युवकों द्वारा एक स्कूली छात्रा को भगाने के प्रयास का मामला सामने आया था जिसे लेकर यमुना घाटी में भारी जन आक्रोश देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पुरोला के बाद चकराता में लव जेहाद की घटना अभी सामने आई थी जिसके बाद भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने इसे एक अंडर कवर षड्यंत्र बताया था और षड्यंत्र के पीछे किसका हाथ है इसका पता लगाने की बात कही है। खुद सीएम धामी लैंड जेहाद व लव जेहाद को जनसांख्यिकीय असंतुलन की वजह बताकर देव भूमि की संस्कृति को खराब करने का इसे षड्यंत्र बता चुके हैं अब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा कर इसे राजनीतिक बहस का मुद्दा बना दिया है।

# कलर्स प्रस्तुत करता है ब्रह्मांड की पहली प्रेम कहानी शिव शक्ति तप त्याग तांडव

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून,। भारत समृद्ध पौराणिक कथाओं का देश है जो इसके सांस्कृतिक ताने-बाने में बुने हुए हैं। पीढिय़ों से चली आ रही प्राचीन कहानियां लोगों के जीवन के सफर में कालातीत मार्गदर्शक के रूप में काम करती रही हैं। सभी भावनाओं से परे, सबसे शक्तिशाली प्रेम गाथा को चित्रित करते हुए, कलर्स की नई महाकृति शिव शक्ति तप त्याग तांडव दो पूजनीय देवताओं शिव और शक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है। यह उनके कर्तव्य, त्याग और अलग होने की सफर को दर्शाता है, जिससे होकर वे तप, त्याग और तांडव की ओर जाते हैं। एक असाधारण कैनवास पर पौराणिक शैली के शो को क्यूरेट करने के बाद, कलर्स और पौराणिक कथाओं के राजा सिद्धार्थ कुमार तिवारी ने फिर से विजुअली शानदार गाथा के लिए टीम बनाई है। राम यशवर्धन और सुभा राजपूत क्रमश: शिव और शक्ति की भूमिकाओं में हैं, यह आगामी शो दो दिव्य विभूतियों की यात्रा को दर्शाता है, जिनका अविभाज्य रिश्ता कई युगों में फैला हुआ है। बेहतरीन वीएफएक्स और भावपूर्ण संगीत से समृद्ध, 'शिव शक्ति - तप त्याग तांडव' सिद्धार्थ कुमार तिवारी के स्वस्तिक प्रोडक्शंस द्वारा बनाया गया और निर्मित है, जिसका प्रीमियर 19 जून को होगा और प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार रात 8 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा। शो के बारे में बात करते हुए, शीतल अय्यर, कलर्स, वायकॉम18, कहती हैं, ठपौराणिक शैली हमेशा से जबरदस्त लोकप्रियता रही है और इसी ने टेलीविजन की दुनिया की नींव रखी है। इतने वर्षों में, हमने देखा है कि कैसे यह शैली सभी जनसांख्यिकी के दर्शकों के बीच लगातार पसंदीदा रही है। पौराणिक कथाओं पर आधारित शो टेलीविजन देखने के अनुभव को बेहतर बनाते हैं, और हम इस शैली को कलर्स पर वापस लाने को लेकर रोमांचित हैं, जिसमें हम ब्रह्मांड की पहली प्रेम कहानी-शिव शक्ति को प्रस्तुत कर रहे हैं। सिद्धार्थ कुमार तिवारी के साथ फिर से सहयोग करना अद्भुत है, क्योंकि हम दर्शकों को एक महाकृति देने के लिए अपनी कल्पनाशील ताकतों को एक साथ लाए हैं। इस शो को हमारे विविध कॉन्टेंट के स्लेट में पेश करने के साथ, हमारा लक्ष्य हमारे कार्यदिवस के प्राइमटाइम को मजबूत करना है और हमें विश्वास है कि यह रात 8रू00 बजे के स्लॉट में महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगा।

# भूमाफिया अतीक अहमद के आवास पर चला बुल्डोजर

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून,। जमीनी धोखाधडी के कई मामलों में लिप्त रहे भूमाफिया अतीक अहमद के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए पुलिस-प्रशासन की टीमों ने उसके आवास को बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया है। इस दौरान कई थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंच वहां पर मोर्चा सम्भाला, लेकिन पुलिस व प्रशासन को किसी प्रकार के विरोध का सामना नहीं करना पडा। पूर्व में ही पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध लोगों को चेतावनी जारी कर दी गयी थी। जिसके चलते पुलिस व प्रशासन की टीमों द्वारा गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध भू माफिया अतीक अहमद को उसके



आवास को ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही के लिए एक सप्ताह पहले ही आवास खाली करने का नोटिस जारी कर दिया गया था। इस मामले में समय सीमा पूरी होने के बाद आज पुलिस व प्रशासन की टीमों ने बुल्डोजर सहित तुंतोवाला मेहूवाला पहुंच कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू कर दी गयी। पुलिस व प्रशासन की टीम के वहां पर पहुंचते ही लोगों की भीड जमा हो गयी। वहीं अतीक अहमद के परिवार के लोग भी वहां पर पहुंचे। यहीं नहीं देहरादून में पहली बार हो रही इस प्रकार की कार्यवाही को देखने के लिए दूरकृदूर से लोग वहां पर पहुंचे। इस दौरान कई थानों की पुलिस भी वहां पहुंच गयी थी। किसी प्रकार का कोई विरोध न हो इसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के कडे इंतजाम किये हैं। इस दौरान पटेलनगर कोतवालीए बसंत विहारए प्रेमनगर सहित कई थानों की पुलिस ने वहां पर मोर्चा सम्भाला हुआ था लेकिन ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान किसी प्रकार का कोई विरोध नहीं दिखायी दिया। बताया जा रहा है कि अतीक अहमद द्वारा यह आवास नदी की एक बीघा भूमि पर कब्जा करके बनाया गया था। सवाल यह भी है कि जब सरकारी भूमि पर कब्जा हो रहा था तो जिम्मेदार अधिकारियों ने एक्शन क्यों नहीं लियाघ् पुलिस के अनुसार अतीक अहमद के खिलाफ जमीन धोखाधडी के कई मुकदमे दर्ज है।

# खुलासा: दूसरी शादी करने के फेर में पति ने की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**वीर अर्जुन संवाददाता**

हरिद्वार, । दूसरी शादी करने के फेर में पत्नी द्वारा विरोध किये जाने के बाद पति ने तैश में आकर अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीती एक जून को थाना पथरी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम ऐथल में एक महिला की हत्या कर दी गयी है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। मामले में मृतक महिला के भाई अजीम द्वारा महिला के पति व उसके भाइयों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह द्वारा थाना पथरी को आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना पथरी पुलिस द्वारा मात्र 24 घंटे के भीतर ही बीती रात को आरोपी पति जाहिर हसन को ग्राम बुक्कनपुर से दबोच लिया गया, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पूछताछ में आरोपी जाहिर हसन ने बताया कि वह दूसरी शादी करना चाहता था, पत्नी के न मानने पर वह लगातार पत्नी के साथ मारपीट करता था।


वीर अर्जुन

देहरादून में समाचार पत्र प्राप्त करने एवं विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।
मो.7895189235

वीर अर्जुन की प्रतियां प्राप्त करने के लिए संपर्क करें:-

देहरादून:- वसीम अहमद
मो.-9758325677

रुड़की:- चन्दर न्यूज एजेंसी
प्रो.- श्री चन्द्रभान,
दुकान नं. 11, पुराना रेलवे रोड, मकतुलपुरी रुड़की
मो.- 9927069871

हरिद्वार:- आत्रे न्यूज एजेंसी
प्रो.- श्री अनिल कुमार शर्मा ,जटवाड़ा पुल, हरिद्वार
मो.- 9837177797

ऋषिकेश:- आजाद न्यूज एजेंसी
प्रो.- श्री संजीव गुप्ता हरिद्वार रोड, ऋषिकेश
मो.- 9837229222


# मानसून सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व ससमय सम्पूर्ण व्यवस्थाएं पूर्ण करने के डीएम ने दिए निर्देश

**वीर अर्जुन संवाददाता**

टिहरी,। आगामी मानसून सत्र अवधि में सम्भावित आपदाओं के दृष्टिगत विभागीय आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी टिहरी गढव़ाल डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त संबंधित अधिकारियों को मानसून सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व ससमय सम्पूर्ण व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून सत्र में किसी भी अधिकारी का फोन स्विच ऑफ न हो तथा छुट्टी जाने से पहले अधिकारी अवगत करायेंगें। जिला कलेक्ट्रेट सभागार नई टिहरी में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी द्वारा क्रमवार मानसून सत्र को लेकर सभी संबंधित विभागों द्वारा की गई व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड नरेन्द्रनगर के बैठक में उपस्थित में न होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत व्यापार मण्डल एवं अधिकारियों के साथ अपने स्तर से भी बैठक कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही सभी प्रधानों के सम्पर्क नम्बर एवं समस्त व्यवस्थाओं से संबंधित सूची भी रखने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी जनपद के समस्त एसडीएम एवं रेखीय विभागों के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संवदेनशील भूस्खलन वाले जोन, डम्पिग जोन, स्थाईध्अस्थाई हैलीपैड, जेसीबी लोकेशन एवं ऑपरेटर के फोन नम्बर, सडक़ अवरूद्ध होने की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग को चिन्हित करने, राहत शिविर चिन्हिकरण, ड्रैनेज व्यवस्था, आपदा सम्भावितध्प्रभावित दीवारध्घर ध्परिवार को चिन्हित कर समयार्न्तगत आवश्यक कार्यवाही कर सभी तैयारियों पूर्ण कर लें। साथ ही इसकी सूची जिला आपदा कन्ट्रोल रूम, तहसील कन्ट्रोल रूम एवं जिला कार्यालय को भी उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपदा सम्भावित प्रभावित परिवारों की मैपिंग कर ली जाय, सैटेलाईट फोन रिचार्ज एवं क्रियाशील हो, नालियों की नियमित साफ-सफाई हो, खाद्यान्न, डीजलध्पेट्रोल आदि की समुचित भण्डार व्यवस्था, सुचारू पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था, सभी आवश्यक रिसोर्स व्यवस्था एवं चिन्हित स्थान की सूची, नेट कनेक्टीविटी, बाढ. चौकियां, स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं, पशुपालन, कृषि, सिंचाई, शिक्षा विभाग द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाएं, ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये। कहा कि साइनेज बोर्ड समयान्तर्गत स्थापित कर लिये जायं तथा उसमें सम्पर्क अधिकारी का फोन नम्बर अवश्य अंकित हो। संबंधित विभागीय अधिकारी आपदा के समय रोड. पर आये मलवा को तत्काल हटाने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। कहा कि सम्भावित आपदाओं के दृष्टिगत सभी तैयारियां दूरस्त हो, ताकि आपदा के समय कम से कम समय में आपदाओं से निपटा जा सके। इसके साथ ही नदियों के जल स्तर की निरन्तर समीक्षा करने, मौसम पूर्वानुमान व चेतावनी के प्रचार-प्रचार करने, जनपद में घटित आपदाओं की सूचना ससमय राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र को उपलब्ध कराने, टिहरी जलाशय एवं जल प्रवाह की स्थिति की सूचना जनपद एवं राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र को नियमित रूप से प्रेषित करने, आदि सभी व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सभी एसडीएम एवं विभागीय अधिकारियों को विभागीय परिसम्पितियों में किये गये अतिक्रमण को चिन्हित कर विवरण सहित सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।